



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**नवम्बर-2018**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## सन्देश



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के मासिक समाचार पत्र के द्वादश अंक के प्रकाशन के अवसर पर उ0प्र0 पुलिस रेडियो के मुखिया के रूप में मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। सम्पूर्ण प्रदेश के पुलिस रेडियो कार्मिकों के उल्लेखनीय कार्य, महत्वपूर्ण योगदान व बहुमुखी प्रतिभाओं की जानकारी भी न्यूज़ लेटर के माध्यम से सभी को हो रही है।

उ0प्र0 पुलिस रेडियो के मुखिया के रूप में विगत एक वर्ष के मेरे कार्यकाल में रेडियो मुख्यालय पर माननीय राज्यपाल, उ0प्र0/माननीय उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 के कार्यक्रमों के साथ-साथ पुलिस सप्ताह, पुलिस झण्डा दिवस, पीपीएस (सेवानिवृत्त) अधिकारियों की वार्षिक बैठक, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, आतंकवाद विरोध दिवस, 15 अगस्त, 26 जनवरी, श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह, विश्वकर्मा पूजा, गाँधी जयन्ती इत्यादि कार्यक्रम भी अभूतपूर्व रीति से सम्पन्न कराये गये हैं।

पिछले एक वर्ष में निकाय चुनाव, गुजरात/कर्नाटक/मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनावों, प्रदेश में अति-विशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों के भ्रमण इत्यादि अवसरों पर कार्यकुशलता एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के फलस्वरूप निर्विघ्न संचार व्यवस्था बनाये रखी गयी जिसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। पुलिस रेडियो की कार्यप्रणाली को दीर्घकालिक रूप से पुष्पित एवं पल्लवित करने हेतु ''पुलिस रेडियो मेल'' सेवा का प्रारम्भ, गोरखपुर ज़ोन के जनपदों में डिज़ीटल वायरलेस सेटों का अधिष्ठापन, जेम एवं ई-निविदा द्वारा उपकरणों का क्रय एवं कुम्भ मेला हेतु संचार उपकरणों का क्रय भी लगन एवं कर्तव्यपरायणता से पूर्ण किया गया है।

रेडियो मुख्यालय के पारेषण गृह के जीर्णोद्धार/वातानुकूलन, मुख्य भवन/पोलनेट भवन/पारेषण गृह परिसर का सौंदर्यीकरण भी उत्कृष्टतापूर्वक कराया गया है। प्रशिक्षण कार्यों हेतु नवीन उपकरणों एवं फर्नीचर से सुसज्जित वातानुकूलित मॉडल व्याख्यान कक्षों, मॉडल प्रयोगशालाओं, मॉडल नियंत्रण कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, बारबर शॉप, जिम, गेस्ट हाउस इत्यादि की फर्निशिंग, पदोन्नति पात्रता प्रशिक्षण, अग्निशमन/कम्प्यूटर/सीसीटीवी/डीएमआर सेट/महिलाओं (चतुर्थ श्रेणी) को कम्प्यूटर प्रशिक्षण भी पूर्ण कराये गये हैं। वोकेशनल ट्रेनिंग हेतु पंजीकरण व उत्तर प्रदेश पुलिस वेबसाईट पर 06 मैनुअल अपलोड करने जैसे कार्य भी रूचिपूर्वक सम्पन्न कराये गये।

कार्मिकों की पदोन्नति, सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के वित्तीय लाभ के सदुपयोग हेतु कार्यशाला का आयोजन, यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा-2018 में 75 प्रतिशत या अधिक प्राप्त करने वाले 15 मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार एवं सम्मान, उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को पारितोषिक, योग एवं आसन की कक्षाएँ, निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प के आयोजन, सेवानिवृत्ति पर कार्मिकों की ससम्मान विदाई एवं ऑन-लाईन अटेण्डेन्स प्रणाली इत्यादि व्यवस्थायें भी लागू करायी गयीं हैं।

इस दौरान सामूहिक श्रमदान ''हलमा'', "वन महोत्सव", पॉलीथिन का प्रयोग बन्द करने हेतु "जागरूकता कार्यक्रम", पराक्रम दिवस पर फिल्म प्रदर्शन भी सम्पन्न किये गये। मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 से उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के लॉन को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। वायरलेस चौराहे का नाम पद्मश्री सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) छत्रपति जोशी चौराहा कराया गया तथा चौराहे पर स्मारक बनाये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

एक वर्ष में किये गये उल्लेखनीय, नवीन एवं मौलिक कार्य सभी कार्मिकों के सतत् प्रयासों एवं योगदान से सम्भव हुए हैं जिनकी सराहना के साथ ही मैं पुलिस रेडियो की उत्तरोत्तर वृद्धि तथा सभी के उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।

(प्रमोद कुमार तिवारी)
पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार), उ0प्र0

## उपलब्धियाँ

अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों के निम्न भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| क्र0 | दिनांक | जनपद |
|---|---|---|
| माननीय राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | | |
| 1 | 06.10.2018 | लखनऊ |

## कल्याणकारी कार्य

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अक्टूबर 2018 में 511 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्या:डीजी–तीन–12(14)–2016 दिनांक 29.10. 2018 द्वारा, गृह मंत्री, भारत सरकार के अ0शा0 पत्र संख्या: I-19034/03/ 2018-NI-II दिनांक 13.09.2018 के अनुपालन क्रम में उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या: 634–एक/चालीस–2018–10 विविध/14 दिनांक 01.10.2018 व गृह (गोपन) अनुभाग–3 के पत्र संख्या:119/2018–सी0एक्स0–3 दिनांक 23.10.2018 के अनुसार, 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रुप में मनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2. अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्या: सात–ई–टेण्डरिंग–2017 दिनांक 22.10.2018 द्वारा शासनादेश संख्या: 658/78–2–2018–42 आई0टी0/2017 टीसी–49 दिनांक 11.10.2018 के अनुसार ई–टेण्डर प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित निविदाओं की निविदा प्रक्रिया अन्तिमीकृत किये जाने एवं सफल निविदादाता को क्रयादेश/कार्यादेश निर्गत करने के उपरान्त क्रयादेश/कार्यादेश की प्रतिलिपि ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

3. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्या: सामान्य: XII–33–2014 दिनांक 22.10.2018 द्वारा न्यूनतम दैनिक मजदूरी पर दैनिक मजदूर रखे जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

4. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के परिपत्र संख्या: 53/2018 दिनांक 04.10.2018 द्वारा सोशल मीडिया पॉलिसी के अनुपालनार्थ निर्देश दिये गये हैं।

5. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के परिपत्र संख्या: कल्याण–अंतिम संस्कार निर्देश–2018 दिनांक 03.10.2018 द्वारा सेवारत कर्मियों की शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान वीरगति को प्राप्त होने, मृत्यु होने अथवा गम्भीर रूप से बीमार हो जाने पर अपनायी जाने वाली विभागीय प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/ कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या: सीए/डीजी–1/2018 दिनांक 24.10. 2018 द्वारा विगत वर्षों में पदोन्नति प्राप्त रेडियो उपनिरीक्षक से रेडियो निरीक्षक एवं रेडियो निरीक्षक से सहायक रेडियो अधिकारी के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता की अभिवृद्धि हेतु उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में 04 दिवसीय प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

2. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्या: एटी–मिस/2018 (बायोमेट्रिक) दिनांक 24.10.2018 द्वारा पुलिस रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त समस्त अराजपत्रित कार्मिकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक सिस्टम द्वारा, निर्धारित एसओपी के अनुसार, दिनांक 01.11.2018 से सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के भ्रमण कार्यक्रम

दिनांक 17.10.2018 को आगरा की संचार इकाईयों का भ्रमण व संचार व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

## विधान सभा चुनाव ड्यूटियाँ

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधान सभा चुनाव–2018 हेतु उ0प्र0 पीएसी की कम्पनियों के साथ पुलिस रेडियो कार्मिकों ने पुलिस संचार व्यवस्था हेतु प्रस्थान किया। इसी प्रकार निकट भविष्य में मिजोरम, राजस्थान एवं तेलंगाना में भी पुलिस रेडियो कार्मिक पुलिस संचार व्यवस्था ड्यूटी हेतु प्रस्थान करेंगे।

## पुलिस रेडियो मेल सेवा

अमर उजाला दिनांक 11.10.2018

### गूगल से तेज चलेगी पुलिस रेडियो मेल सेवा

**यूपी पुलिस का अपना नेटवर्क शुरू, डीजीपी ने किया उद्घाटन**



महानगर पुलिस महानिदेशक दूरसंचार में पुलिस रेडियो मेल सेवा का उद्घाटन करते डीजीपी ओपी सिंह।

लखनऊ। यूपी पुलिस ने खुद का नेटवर्क शुरू करते हुए इसे पुलिस रेडियो मेल का नाम दिया है। अफसरों का दावा है कि उनका नेटवर्क गूगल से भी तेज है और इसे कोई हैक नहीं कर सकता। पुलिस की इस नई सेवा का बुधवार को डीजीपी ओपी सिंह ने उद्घाटन किया। पुलिस वायरलेस व रेडियो मुख्यालय के डीजी पीके तिवारी ने बताया कि इस सेवा में यूपी-100 के हार्डवेयर का उपयोग किया गया है। इस मेल सेवा से पुलिस रेडियो की कार्य प्रणाली में व्यापक बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा, इसमें संदेश भेजने वाले एवं प्राप्त करने वाले के बारे में जानकारी को सुरक्षित रखा जा सकता है। डीजी पुलिस वायरलेस ने इस मौकेपर दूरसंचार की नई प्रणाली की आवश्यकता एवं महत्व को स्पष्ट किया। रेडियो मेल सेवा की डिजाइन एवं क्रियान्वयन में सहायक रेडियो अधिकारी, प्राविधिक संजय कनौजिया का खास योगदान रहा।

पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी ओपी सिंह ने पुलिस रेडियो केंद्र कार्मिकों के कार्य परिचालन के बारे में एक एसओपी का भी विमोचन किया।

नवभारत टाइम्स, दिनांक 11.10.2018

### डीजीपी ने शुरू की नई रेडियो मेल सेवा

■ **एनबीटी, महानगर :** पुलिस रेडियो मुख्यालय ने एक ऐसी रेडियो मेल सेवा तैयार की है, जो प्रदेश के समस्त जनपदों को डेटा संचार से कनेक्ट करेगी। इसका शुभारंभ बुधवार को महानगर मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने किया। सहायक रेडियो अधिकारी संजय कुमार कनौजिया ने बताया कि अभी तक यूपी पुलिस में क्यू मेल सेवा का इस्तेमाल हो रहा था, जिसमें स्टोरेज क्षमता काफी कम थी। नई रेडियो मेल सेवा में पांच वर्षों का डेटा आसानी से सुरक्षित रखा जा सकेगा। यह काफी सेफ भी है। इसे चलाने के लिए यूपी-100 के सर्वर का इस्तेमाल किया जाएगा।

हिन्दुस्तान, दिनांक 12.10.2018



पुलिस रेडियो मेल सेवा की शुरुआत करते डीजीपी ओपी सिंह। • हिन्दुस्तान

### पुलिस अब 'रेडियो मेल सेवा' पर सूचनाएं साझा करेगी



## शुरुआत

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

यूपी पुलिस ने अपनी सूचना तकनीक को तेज और अभेद्य बनाते हुए 'पुलिस रेडियो मेल' सेवा की शुरुआत की है। यह यूपी पुलिस का अपना नेटवर्क है जो कि गूगल से भी तेज चलेगा। इसमें हैकिंग की कोई संभावना नहीं होगी जिससे तमाम गोपनीय सूचनाएं सुरक्षित रहेंगी। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार पीके तिवारी ने दी। डीजीपी ओपी सिंह ने महानगर स्थित रेडियो मुख्यालय में इस सेवा का उद्घाटन किया है।

डीजी पीके तिवारी ने बताया कि शुरुआत में यूपी पुलिस एचएफ सेवा (हाई फ्रीक्वेंसी) पर संदेशों का आदान-प्रदान करती थी। इसमें सभी मैसेज कोड वर्ड में भेजे जाते थे जिसे लिखने व पढ़ने में काफी दिक्कत होती थी। इसके बाद यूपी पुलिस ने क्यू-मेल सेवा का इस्तेमाल शुरू किया जो कि सीसीटीएनएस पर आधारित थी। क्यू-मेल में स्टोरेज क्षमता काफी कम थी। इसके अलावा गोपनीय सूचनाएं लीक होने का खतरा भी रहता था। लिहाजा 'पुलिस रेडियो मेल सेवा' का इजाद किया गया है। यह यूपी पुलिस का अपना नेटवर्क है। इसके माध्यम से प्रदेश के एक रेडियो केन्द्र से दूसरे रेडियो केन्द्र या सभी रेडियो केन्द्रों को एक साथ संदेश भेजा जा सकेगा।

**बिना खर्च के बनाया काम :** डीजी पीके तिवारी ने बताया कि पुलिस रेडियो मेल सेवा के क्रियान्वयन पर विभाग पर कोई आर्थिक बोझ भी नहीं आएगा। यूपी-100 में मौजूद अतिरिक्त हार्डवेयर का इसमें उपयोग हो जाएगा। इस मेल सेवा से पुलिस रेडियो की कार्य प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने बताया कि यह सेवा पूरी तरह से सुरक्षित और गोपनीय है। इसके अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर के चलते संदेश भेजने वाले व उसे प्राप्त करने वाले के सम्बंध में जानकारी को देखा जा सकता है और इसे इलेक्ट्रॉनिकली सुरक्षित रखा जा सकता है।

### एसओपी का विमोचन किया

रेडियो मेल सेवा के उद्घाटन के अवसर पर डीजीपी ओपी सिंह ने इसके डिजाइन और क्रियान्वयन का जिम्मा संभालने वाले सहायक रेडियो अधिकारी (प्राविधिक) संजय कनौजिया को बधाई दी। इस दौरान डीजीपी ने रेडियो केन्द्र के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के सम्बंध में तैयार की गई एसओपी का भी विमोचन किया। इस अवसर पर डीजी, सीबीसीआईडी वीरेन्द्र कुमार, एडीजी आदित्य मिश्र, एडीजी संजय सिंघल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति

उ0प्र0 पुलिस रेडियो से माह अक्टूबर–2018 में निम्न 16 कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री भुवाल राम नीलम, देवरिया, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री देवराज सिंह, हाथरस, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वंश बहादुर सिंह, फैजाबाद, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेन्द्र कुमार, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उदयभान सिंह, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओम प्रकाश, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम विनोद पाण्डेय, अमेठी, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 हलीम, सिद्धार्थनगर, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार चौहान, मैनपुरी, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रदीप कुमार गोस्वामी, अलीगढ़, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिवकुमार सिंह, मेरठ, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कालीचरण, रेडियो मुख्यालय, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सै0 मो0 नाजिम, मथुरा, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शीतला प्रसाद सिंह, चन्दौली, 15. सहायक परिचालक/1339, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला, बाँदा, 16. संदेश वाहक, श्री जंगबहादुर, सोनभद्र।

सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को परम्परागत रुप से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान किये गये।

**गांधी जयन्ती समारोह :** उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रशिक्षण केन्द्र में गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर 2018 को पारम्परिक सादगी से मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री प्रमोद कुमार तिवारी ने राष्ट्रपिता, मोहनदास करमचन्द गांधी जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। रेडियो मुख्यालय के उप महानिरीक्षक, राज्य रेडियो अधिकारी, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, सहायक रेडियो अधिकारी, रेडियो निरीक्षकगण ने माल्यार्पण/पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गांधी जी के प्रिय भजन ''वैष्णव जन तो...............'' का भावपूर्ण गायन रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों द्वारा किया गया।

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री प्रमोद कुमार तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ को गांधी जी के जीवन दर्शन एवं उनके महान् कालजयी व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया। गांधी जी के स्वच्छता, मद्यनिषेध, नशामुक्ति इत्यादि प्रयोगों का वर्तमान परिदृश्य में अनुसरण करने तथा समाज में जागरुकता फैलाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस अवसर पर मेस अनुचरों को परिधान/एप्रन तथा चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को पुरस्कार प्रदान किये गये।




**राष्ट्रीय एकता दिवस :** उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ''राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ'' ग्रहण की गयी। प्रातःकाल आयोजित ''एकता के लिए दौड़'' में काफी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।






**प्रशिक्षण गतिविधियाँ :** पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 02.07.2018 से प्रचलित 04 माह के विभागीय ग्रेड–द्वितीय 92वें बैच की अन्तिम परीक्षाएँ सम्पन्न हुईं तथा विभागीय ग्रेड–द्वितीय 93वें बैच की मध्यान्ह परीक्षाएँ अक्टूबर–2018 में प्रारम्भ हुईं।













दिसम्बर-2017 | जनवरी-2018 | विशेषाँक | फरवरी-2018













मार्च-2017 | अप्रैल-2018 | मई-2018 | जून-2018













जुलाई-2018 | अगस्त-2018 | सितम्बर-2018 | अक्टूबर-2018

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण– श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक। डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300